कोरोना के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

पोड़ाहाट

सोनुवा | संवाददाता

विश्व भर में महामारी का रूप ले चुकी कोविड-19 कोरोना वायरस से बचाव के लिए विभिन्न उपाय अपनाने को लेकर सोनुवा प्रखंड के विभिन्न गांवों में प्रदान संस्था व पोड़ाहाट महिला महासंघ द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रचार वाहन गांव-गांव जाकर लाउड स्पीकर के माध्यम से लोगों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव को लेकर सावधानी बरतने की जानकारी दे रही है।

रविवार को गुटूसाई गांव में ग्रामीणों को जागरूक करते संस्था के सदस्य।

इसके अलावा प्रदान संस्था व पोड़ाहाट महिला महासंघ सोनुवा के कई सदस्य गांव-गांव में जाकर ग्रामीणों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचने के लिए साबुन से हाथ धोने, एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाने, स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर अस्पताल जाने, बाहर से गांव में आये लोगों की जानकारी प्रशासन को देने संबंधी बातों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं।